हरिभूमि
मध्यांचल भूमि



बेमौसम बारिश

हिरमी रावन। अचानक तेज हवा के साथ हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में पककर तैयार होने की स्थिति में पहुंच रही धान की फसल बारिश और तेज हवा के कारण जमीन पर बिछ गई है। इससे किसानों को फसल के नुकसान की आशंका सताने लगी है। धान कटाई का समय नजदीक आने के बीच मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है।क्षेत्र के मोहरा सहित आसपास के गांवों में कई खेतों में धान की खड़ी फसल तेज हवा और बारिश के कारण गिर गई है। खेतों में फसल के इस तरह गिरने से किसानों को कटाई में परेशानी होने के साथ ही उत्पादन प्रभावित होने की चिंता है। किसानों के अनुसार, यदि बारिश का दौर जारी रहता है तो खेतों में गिरी धान की बालियों में नमी बढ़ने और दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। वहीं, जमीन पर बिछी फसल की कटाई में भी अधिक समय और मेहनत लग सकती है।

फसल गिरने से बढ़ेगी परेशानी

मोहरा निवासी किसान कार्तिक राम वर्मा ने बताया कि बेमौसम बारिश किसानों की फसल के लिए नुकसानदायक है। तेज हवा और बारिश के कारण जो धान की फसल खेतों में खड़ी है, उसके जमीन पर गिरने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि किसान पूरे साल मेहनत कर धान की फसल तैयार करते हैं। ऐसे में कटाई से पहले मौसम की मार पड़ने से उनकी मेहनत पर पानी फिरने की आशंका है।

खबर संक्षेप

मोपर में राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता 5 नवंबर को

अर्जुनी। ग्राम मोपर के बाजार चौक में 5 नवंबर को यूथ एलायंस क्लब के तत्वावधान में राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें सामूहिक, युगल और एकल नृत्य की श्रेणियों में प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 20 हजार, युगल में 7 हजार और एकल नृत्य में 5 हजार रुपए निर्धारित हैं। अन्य स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों के लिए भी आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र की नृत्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उनकी कला को प्रोत्साहित करना है।

20 लीटर महुआ शराब बरामद, एक गिरफ्तार

महासमुंद। पिथौरा पुलिस ने ग्राम सुखीपाली में एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर ग्राम सुखीपाली में आरोपी शंकर चतुर्वेदी पिता रायसिंह चतुर्वेदी (34 साल) के खेत के पास से 20 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4 हजार रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

भुरकोनी में धान कटाई को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम भुरकोनी में धान कटाई को लेकर मारपीट किए जाने के मामले में तेंदूकोना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम भुरकोनी के अमरई खार खेत में 26 अक्टूबर को पार्वती साहू और अन्य लोग धान की कटाई कर रहे थे। इसी दोपहर करीबन 03 बजे प्रार्थिया के बड़े भैया श्रीराम साहू एवं उसके बेटे मोरध्वज साहू, जितेंद्र साहू एवं उसकी पत्नी हेमबाई साहू आये और खेत के धान की कटाई करना चाह रहे थे, जिसे उन लोगों ने अपने पिता के हक का खेत समझ कर कटाई करने से मना किया, जिस पर सभी ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए प्रार्थिया, उसकी बड़ी दीदी बुधयारिन साहू एवं बहन राधा बाई साहू के साथ मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

वृद्ध दंपत्ति पर जंगली जानवर ने किया हमला, घायल

महासमुंद। बागबाहरा से करीब आठ किलोमीटर दूर ग्राम भदरसी में जंगली जानवर ने मंगलवार शाम वृद्ध दंपत्ति पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में वृद्ध की बायीं टांग और वृद्धा की उंगलियां व घुटने जख्मी हो गए। हालांकि, हमलावर जानवर तेंदुआ था या कोई अन्य वन्यजीव, इसकी पुष्टि वन विभाग नहीं कर सका है। जानकारी के अनुसार 67 वर्षीय देखन राम बरिहा 57 वर्षीया पत्नी शांति बाई और कुछ अन्य लोगों के साथ शाम करीब चार बजे खेत से लौट रहे थे। देखन राम रस्सी का बंडल लेकर कुछ आगे चल रहे थे। इसी दौरान पीछे से अचानक एक जंगली जानवर ने उनकी टांग पकड़ ली। घबराए देखन राम ने लाठी से वार किया, बाद जानवर भाग गया। वह कुछ समझ पाते, इससे पहले जानवर ने पीछे चल रही शांति बाई पर भी झपट्टा मार दिया।

तूफान : अतिवृष्टि की आशंका के मद्देनजर 29 को जिले के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित

'अर्नब' का असर : जिले में रिमझिम बारिश से बढ़ी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में मौसम का मिजाज बदल गया है। बुधवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं और दिनभर रुक-रुककर रिमझिम बारिश होती रही। बारिश के साथ चल रही ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट महसूस की जा रही है, जिससे ठंड भी बढ़ गई है।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चक्रवाती तूफान के प्रभाव से जिले में अतिवृष्टि की आशंका जताई गई है। इसे देखते हुए प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए गुरुवार, 29 अक्टूबर को जिले के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह अवकाश जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों पर लागू होगा। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। प्रशासन ने यह निर्णय मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में होने वाली संभावित परेशानियों तथा उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया है।

किसानों को सलाह दी गई है कि वे खेतों में जल निकासी की व्यवस्था रखें तथा कटी हुई धान की फसल को बारिश से बचाने के लिए सुरक्षित स्थान पर रखें या तिरपाल से ढकें। वहीं, मौसम की स्थिति को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने और मौसम विभाग की चेतावनियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।



धान की फसल को लेकर किसानों की बढ़ी चिंता

अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में हो रही बारिश से धान उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ सकती है। इस समय जिले में कई स्थानों पर धान की फसल पकने और कटाई का दौर चल रहा है। ऐसे में लगातार बारिश होने पर कटाई एवं मिंजाई के कार्य प्रभावित होने के साथ खेतों और खलिहानों में रखी फसल के भीगने की आशंका है। सब्जी उत्पादकों को भी खेतों में पानी जमा होने से फसलों को संभावित नुकसान की चिंता सता रही है।



खरोरा में सुबह से हो रही बारिश



खरोरा। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती त तूफान अर्नब का आसर रायपुर जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में नजर आ रहा है। है। खरोरा में कल से ही ठंडी हवाएं चल रही है। हवाओं की गति भी कल से बढ़ी हुई है। वहीं सुबह से हल्की बारिश हो रही है, आसमान में बादल छाए हुए हैं। बता दे कि मौसम विभाग द्वारा दक्षिण व मध्य छत्तीसगढ़ में 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। जिले में इस बार धान को अच्छी फसल हुई है। वर्तमान में अर्ली वैरायटी के धान कटने के लिए तैयार है वहीं अनेक किसानों की फसल खेतो में खड़ी है। ऐसे में अर्बन तुफान और भारी बारिश किसानों की मेहनत पर भी पानी फेर सकता है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे उभर आई है। महीनों की लागत और मेहनत के बाद अब जब फसल मुनाफा देने को तैयार है ऐसे समय में तूफान और वर्षा से खड़ी फसल खराब होने की खतरा बढ़ गया है। पूर्व में भी ऐसी स्थिति आने पर खड़ी फसल खेत में चटाई की तरह बिछ चुकी है। इसलिए पुराने नुकसान से सबक लेते हुए ऐसे किसान जिनकी फसल तैयार है वे तूफान के पूर्व धान की कटाई के लिए प्रयासरत रहे है, लेकिन ज्यादातर किसानों को हार्वेस्टर नहीं मिल पाये जिससे अब उनकी फसल कुदरत के भरोसे है।

बैंक अधिकारी बनकर 59 हजार रुपए ठगने वाला झारखंड से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



थाना गिधौरी टुण्डरा पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और अंतरराज्यीय दबिश देते हुए बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले एक शातिर साइबर आरोपी को उसके गृहग्राम झारखंड से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। प्रार्थी राजेश कुमार केवट पिता स्व. कृपाराम केवट, उम्र 33 वर्ष, निवासी- ग्राम कोट, द्वारा थाना गिधौरी टुण्डरा में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 18.01.2026 की रात्रि करीब 09:30 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉलर ने खुद को एयरटेल फोन पे ऑफिस से होना बताकर उनके खाते की लिमिट 35,000 रूपए तक होने तथा उसे दूसरे खाते में ट्रांसफर करने का झांसा दिया। शातिर ठग ने प्रार्थी को बातों में उलझाकर धोखाधड़ी करते हुए उनके खाते से कुल 59,037 की राशि ऑनलाइन छलपूर्वक निकाल ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गिधौरी टुण्डरा में अपराध क्र. 38/2026, धारा 318(4) बीएनएस एवं 66(घ) आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पताशा जी किया गया। मामला अंतरराज्यीय होने पर पुलिस टीम ने झारखंड के लिए प्रस्थान किया और आरोपी प्रदीप कुमार यादव को उसके निवास के पते से घेराबंदी कर हिरासत में लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त रियलमी कंपनी का काला रंग का मोबाइल फोन जिसमें ठगी में इस्तेमाल सिम कार्ड का आईएमईआई नंबर दर्ज है गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। देवघर, झारखंड के स्थानीय न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर पुलिस टीम आरोपी को सुरक्षापूर्वक हिरासत में लेकर थाना गिधौरी टुण्डरा वापस लाई है। पूछताछ पश्चात आरोपी को दिनांक 27 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

थाना सिमगा क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग बालिका के अपहरण एवं गंभीर लैंगिक अपराध के प्रकरण में पुलिस की विवेचना और न्यायालय में प्रस्तुत मजबूत साक्ष्यों के आधार पर माननीय अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी को दोष सिद्ध करार दिया गया है।

प्रार्थिया ने थाना सिमगा में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग पुत्री बिना बताए कहीं चली गई है। मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना सिमगा में अपराध कायम कर धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक विष्णु टंडन द्वारा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी सहायता के आधार पर 07 नवंबर 2025 को अपहता/पीड़िता को संदेही ओमकार यादव पिता बालाराम यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी सरोरा, थाना तिल्दा-नेवरा के कब्जे से ग्राम सरोरा जिला रायपुर से सुरक्षित बरामद किया गया। पीड़िता का महिला पुलिस अधिकारी के समक्ष कथन कराया गया तथा मुलाहिजा उपरांत प्रकरण में धारा 87, 64, 64 (2)(एम) बीएन एस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एल)/6 का समावेश किया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता की उम्र संबंधी प्राथमिक शाला का दाखिल-खारिज रजिस्टर विधिवत जप्त किया गया तथा प्रकरण से संबंधित आवश्यक भौतिक साक्ष्य परीक्षण हेतु राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए। विवेचना उपरांत पुलिस द्वारा न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया तथा विचारण के दौरान महत्वपूर्ण गवाहों, चिकित्सकीय साक्ष्यों व विवेचक के विधिवत न्यायालयीन परीक्षण से अभियोजन पक्ष को ⏭ शेष पेज 10 पर

सुने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाली दो महिला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक डॉ. श्वेता सिन्हा श्रीवास्तव, ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल तिवारी और विधानसभा एसडीओपी वीरेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में खरोरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर में घुसकर चोरी करने वाले घुमंतू महिला गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थीया ने थाना खरोरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक 25 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 10:00 बजे वह बच्चों को घर पर छोड़कर नेटवर्क मार्केटिंग के सिलसिले में बाहर गई थी। दोपहर करीब 02:00 बजे जब वह वापस लौटी, तो उसके पुत्र ने घर में चोरी होने की जानकारी दी। घर के अंदर जाकर देखने पर अलमारी में रखे सामान गायब मिले। चोरों ने एक जोड़ी पुराना इस्तेमाल सोने का झुमका कीमत करीब 18,000 रुपये, एक जोड़ी चांदी का पायल कीमत करीब 4,500 रुपये और 3,000 रुपये नकद, कुल मिलाकर 25,500 रुपये पार कर दिए थे। प्रार्थीया ने बताया कि घटना के समय आसपास तीन संदिग्ध महिलाएं और चार बच्चे देखे गए थे, जो घुमंतू किस्म के लग रहे थे और घर के अंदर दाखिल हुए थे।

फरार आरोपी की तलाश जारी

आरोपियों द्वारा अपना कोई स्थायी पता नहीं बताया गया है वे रेलवे स्टेशन और मंदिरों के पास कपड़ों का अस्थायी तंबू लगाकर या फुटपाथ पर जीवन गुजारती हैं। फरार आरोपी पूजा सोबोर निवासी झारसुगुड़ा, ओडिशा) के संभावित ठिकानों बिलासपुर और रायपुर में पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। अपराध घटित करने के पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिवत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है।

कड़ाई से पूछताछ में हुआ खुलासा

प्रार्थीया की सूचना पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर हुलिए के आधार पर संदिग्ध महिलाओं की तलाश शुरू की। पुलिस ने क्षेत्र में खोजबीन कर दो संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान वे टालमटोल करती रहीं और सही पता नहीं बताया, लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पकड़ी गई महिलाओं ने अपना नाम रूबी सोबोर और अंजु सोबोर बताया तथा तीसरी महिला पूजा सोबोर को अपनी रिश्तेदार बताया। आरोपियों ने चोरी किए गए सामान और नकदी को तीसरी महिला को सौंपने की बात कही, जो रायपुर आने के लिए उन्हें 500-500 रुपये देती थी। पुलिस ने मेमोरेंडम कथन के आधार पर आरोपियों से नकदी रकम जब्त की है।

छात्रों को गुड टच-बैड टच और साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

60 स्कूलों में बच्चों को बताए जा रहे सुरक्षा के उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने, शोषण एवं अपराधों से बचाव के उपाय बताने और उनके लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार द्वारा 'सुरक्षित बचपन अभियान' संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 26 से 31 अक्टूबर 2026 तक जिले के 60 चयनित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में न्यायिक अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा और कानूनी सहायता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के आदेश के अनुपालन में आयोजित इस अभियान का संचालन जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष विनीता वार्नर तथा प्राधिकरण के सचिव आलोक पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

विभिन्न विद्यालयों में लगाए शिविर

अभियान के तीसरे दिन बुधवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लाहोद में द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश संजया रात्रे, डीएवी मॉडल स्कूल, सकरी में तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विवेक गर्ग तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, लटुवा में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो न्यायालय) गिरिजेश प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। इसी क्रम में गुरुकुल स्कूल, भाटापारा में अपर सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शिवलाल मेहता उच्चतर माध्यमिक शाला में न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकिता गुप्ता, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भाटापारा में न्यायिक मजिस्ट्रेट रिद्धि बुरद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, सिंगारपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतीक कान्त तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, अर्जुनी में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रेया ओरमालिया ने शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियां दीं। इन आयोजनों में महिला एवं बाल विकास विभाग, अधिवक्ताओं और जिला साइबर सेल ने भी समन्वय के साथ सहभागिता की।

खबर संक्षेप



महर्षि वाल्मीकि की मनाई जयंती

भाटापारा। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर महर्षि वाल्मीकि समाज भाटापारा द्वारा दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।रामजानकी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए वाल्मीकि नगर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में संपन्न हुई। कार्यक्रम मे महर्षि वाल्मीकि जी, लव-कुश जी एवं माता सीता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे, शामिल हुए। समाज के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा समाज की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। उनके इस आश्वासन से समाज के लोगों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष प्रत्येश राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन डागोर, प्रदेश प्रवक्ता संदीप डागोर, महा संरक्षक शिव चौहान, संरक्षक शंकर झंझोते, पूर्व महा संरक्षक अनूप डागोर,सचिव गोविन्द चौहान, मिडिया प्राभरी राकेश राठौर, महेश राठौर, नवीन डागोर, राजा चौहान, संजय चौहान, डोमन राठौर, वरिष्ठजन परदेशी चौहान, पुनीत डागोर, प्रदीप डागोर, संतोष डागोर, बुधराम डागोर,महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

साराडीह स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

महासमुंद। ग्राम साराडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में अंकित चंद्राकर साराडीह निवासी द्वारा अपने पिता स्वर्गीय डॉ. लेख राम चंद्राकर के जन्मदिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक मंजू चंद्राकर, भारती चंद्राकर, सुनीता पटेल शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

ओमेश बने आत्मनिर्भर, खुद का व्यवसाय शुरू कर 5 लोगों को दिया रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पढ़ाई पूरी करने के बाद हर युवा का सपना एक आत्मनिर्भर भविष्य और खुद का व्यवसाय शुरू करने का होता है, लेकिन अक्सर शुरुआत कैसे की जाए, यह असमंजस रास्ता रोक लेता है। जिले के ओमेश कुमार कंवर के सामने भी कुछ ऐसा ही दौर था,लेकिन सही मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं की बदौलत आज वे एक सफल उद्यमी बन चुके हैं और अपने पैरों पर मजबूती से खड़े हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद ओमेश कुमार कंवर के पास कोई काम नहीं था। वे अपना कुछ काम शुरू करना चाहते थे, लेकिन शुरुआत कैसे करें, यह समझ नहीं आ रहा था। इसी दौरान उन्हें अपने बड़े पिताजी से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में पता चला। उन्होंने ओमेश को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में जाकर योजना की जानकारी लेने की सलाह दी। यहीं से खुद का व्यवसाय शुरू करने का उनका सफर शुरू हुआ। ओमेश बताते हैं कि वे जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बलौदाबाजार-भाटापारा पहुंचे और योजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। वहां के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें आवेदन करने और जरूरी दस्तावेज तैयार करने में सहयोग किया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें 35 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ और 12 लाख रुपये की सब्सिडी मिली।

प्रिंटिंग प्रेस से प्रतिमाह लगभग 1 लाख रुपए की हो रही आमदनी



आत्मनिर्भरता की मिसाल और दूसरों को रोजगार

ओमेश ने अपने प्रिंटिंग प्रेस के लिए दिल्ली से डिजिटल प्रिंटिंग मशीन, सनबोर्ड कटिंग मशीन सहित अन्य जरूरी मशीनें मंगवाईं। इन मशीनों को खरीदने में लगभग 20 लाख रुपये खर्च हुए। इसके अलावा, कच्चा माल खरीदने और व्यवसाय चलाने के लिए उन्हें कार्यशील पूंजी के रूप में 14 लाख रुपये की राशि भी मिली। इस तरह उन्होंने अपना प्रिंटिंग प्रेस शुरू किया और धीरे-धीरे व्यवसाय को आगे बढ़ाया। आज ओमेश कुमार कंवर अपने प्रिंटिंग प्रेस से प्रतिमाह लगभग एक लाख रुपये कमा रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि उन्होंने अपने लिए रोजगार तैयार करने के साथ-साथ पांच अन्य लोगों को भी काम दिया है। वे अपने ऋण की किश्तें भी समय पर चुका रहे हैं। ओमेश कहते हैं कि एक समय ऐसा था, जब पढ़ाई पूरी करने के बाद वे कुछ नहीं कर रहे थे। लेकिन आज अपना व्यवसाय होने से वे आत्मनिर्भर महसूस करते हैं। उनके परिवार के लोग भी उनकी इस उपलब्धि से खुश हैं।

सरपंच महासंघ ने पंचायत संचालक से की मुलाकात

मनरेगा के 416 करोड़ रुपए के बकाया भुगतान व 5 सूत्रीय मांगों पर अड़े सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

छत्तीसगढ़ प्रदेश सरपंच महासंघ ने ग्राम पंचायतों की वित्तीय समस्याओं और ग्रामीण विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को लेकर मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश अध्यक्ष कपिल देव नायक के नेतृत्व में महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने 27 अक्टूबर को नवा रायपुर स्थित विकास भवन में पंचायत विभाग की संचालक प्रियंका ऋषि मोहबिया से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मनरेगा के अंतर्गत लगभग 416 करोड़ रुपये के लंबित भुगतान, वित्त आयोग की शेष राशि तत्काल जारी करने, ग्राम पंचायतों के बिजली बिल की मूल राशि माफ करने तथा पंचायतों को अधिक अधिकार देने सहित पांच सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आग्रह किया। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन और आम जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण इकाई हैं। इसके बावजूद पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं मिलने और भुगतान में देरी के कारण पंचायतों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे गांवों में विकास कार्यों की गति प्रभावित होने के साथ ही सरपंचों के सामने भी आर्थिक एवं प्रशासनिक चुनौतियां खड़ी हो रही हैं।



पंचायतों के बिजली बिल माफ करने की मांग

महासंघ ने ग्राम पंचायतों पर बढ़ते बिजली बिलों के आर्थिक बोझ का मुद्दा उठाते हुए बिजली बिलों की मूल राशि माफ करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि सीमित वित्तीय संसाधनों के कारण पंचायतों के लिए बिजली बिलों का भुगतान करना कठिन हो रहा है। ऐसे में अन्य विकास कार्यों के लिए उपलब्ध राशि भी प्रभावित होती है।

ग्राम पंचायतों को अधिक अधिकार और वित्तीय स्वतंत्रता मिले

पांचवीं मांग में ग्राम पंचायतों को पर्याप्त वित्तीय संसाधन, प्रशासनिक अधिकार और स्थानीय जरूरतों के अनुसार निर्णय लेने की व्यावहारिक स्वतंत्रता उपलब्ध कराने की बात कही गई। महासंघ ने कहा कि ग्राम पंचायतें शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। ऐसे में पंचायतों को केवल जिम्मेदारियां सौंपना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए पर्याप्त धन और अधिकार भी उपलब्ध कराए जाने चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने वित्तीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए पंचायतों को अधिक सक्षम बनाने की मांग रखी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष कपिल देव नायक, रघुवीर पिंटू सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष संकेत अग्रवाल, महासचिव राजेश्वरी कैलाश आदिल, प्रदेश प्रभारी युगल किशोर साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष टिकेश साहू, संरक्षक हरीशंकर साहू, मीडिया प्रभारी तोरण दास मानिकपुरी, मनमजन साहब टंडन, हिमांशु चौहान, कलिष्टा इक्का, जय सिंह कुरूम, सुरेंद्र भास्कर, रायढू नाक, छत्रपाल सिंह जी राज, रेखा लिंगराज साहू, योगा मर्कांम, राम साय मिंज, रनवीर मरावी, गदमोहन सिंह, खगेश्वर, क्रांति भूषण साहू, हिरण छत्रौहन छेलक, मुकेश जिट्टी, संजय कुमार, सुरेश कुमार, विजय कुमार मधवार, रामेश्वर राठिया, अजीत तिग्गा, पुष्पलता पखेल, ममता मंडावी, संतोष मेश्राम, अहमद खान, चंदन बर्मन, हेम कुमार मारकंडे, हमर सिंह मर्कांम, झड़ीराम सलाम एवं मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह मंडावी सहित अन्य पदाधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

वित्त आयोग की शेष राशि तत्काल जारी करने की मांग

ग्राम पंचायतों को वित्त आयोग से मिलने वाली शेष राशि का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठाया गया। महासंघ ने कहा कि राशि समय पर उपलब्ध नहीं होने से गांवों में साफ-सफाई, नाली निर्माण, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक जनसुविधाओं से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। महासंघ ने दीपावली सहित त्योहारों के दौरान गांवों में बढ़ने वाली आवश्यकताओं का हवाला देते हुए शेष राशि जल्द जारी करने की मांग की। साथ ही जीईएम पोर्टल से संबंधित अनिवार्य प्रक्रियाओं और व्यावहारिक कठिनाइयों की समीक्षा कर आवश्यक संशोधन करने का आग्रह किया, ताकि पंचायतों को स्थानीय जरूरतों के अनुसार कार्य कराने में अनावश्यक परेशानी न हो।

मनरेगा के 416 करोड़ रुपये के भुगतान का मुद्दा उठाया

महासंघ ने मनरेगा के अंतर्गत लंबित लगभग 416 करोड़ रुपये की राशि तत्काल जारी करने की मांग प्रमुखता से रखी। प्रतिनिधिमंडल ने वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत 60:40 के अनुपात में भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पूर्व से लंबित मजदूरी और अन्य देय राशि का समयबद्ध भुगतान करने की मांग भी उठाई। महासंघ का कहना है कि भुगतान में देरी होने से ग्राम पंचायतों के कार्य प्रभावित होते हैं और मजदूरों सहित संबंधित कार्य एजेंसियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए लंबित देनदारियों का निराकरण कर भुगतान प्रक्रिया को नियमित और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए।

स्कूल में ई-कचरा प्रबंधन दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में ई-कचरा प्रबंधन दिवस के अवसर पर निबंध लेखन, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को ई-कचरे के सुरक्षित प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान गांव में जागरूकता रैली निकालकर घरों में अनुपयोगी पड़े पुराने कंप्यूटर, मोबाइल फोन, चार्जर, केबल, बैटरी सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सामान्य कचरे से अलग रखने तथा उनका सुरक्षित निपटान करने का संदेश दिया गया। विद्यालय परिसर में ई-कचरा संग्रहण कॉर्नर भी बनाया गया है, जहां एकत्रित ई-कचरे को नियमानुसार अधिकृत रिसाइक्लर को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रार्थना सभा में जागरूकता संवाद एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। साथ ही पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, निबंध लेखन, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को ई-कचरे से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान तथा उसके उचित प्रबंधन की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के उपरांत गतिविधियों से संबंधित जियो-टैग्ड तस्वीरें भारत सरकार के इको क्लब पोर्टल पर अपलोड की गईं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं भारती तांती का सक्रिय सहयोग रहा।

वहीं एनजीओ कार्यकर्ता सरिता मधुकर, रुकसाना एवं कुसुमलता साहू ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि ई-कचरे का उचित प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा सभी नागरिकों को इसके सुरक्षित संग्रहण और निपटान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

निधन

दूज बाई मधूकर

मुंडा। ग्राम बरदा निवासी दूज बाई



मधूकर 70 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागिरक शामिल हुए। वे गांधी मधुकर, साहेब लाल मधुकर, सुनीता मधुकर के माता जी व नितिन शौर्य आरुषि के दादी मां थे।

केशव प्रसाद अग्रवाल

बलौदाबाजार। नगर के प्रतिष्ठित



व्यवसायी केशव प्रसाद अग्रवाल का 73 वर्ष निधन 28 अक्टूबर हो गया। अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम, बलौदाबाजार में किया गया।जिसमें गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे माधव प्रसाद अग्रवाल एवं दीनदयाल अग्रवाल के भाई तथा छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बलौदाबाजार इकाई के कोषाध्यक्ष लक्ष्मेंद्र अग्रवाल के पिता थे।

पाइप गिरने से मजदूर की मौत, प्रबंधन ने 29 लाख मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी पर दी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

समीपस्थ ग्राम खम्हरिया में स्थित रामा मेटालिक लिमिटेड में काम के दौरान हुए हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद कंपनी प्रबंधन ने मृतक के परिवार को 29 लाख रुपये का मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को योग्यता के अनुसार नौकरी उपलब्ध कराने और बच्चों की शिक्षा की उचित व्यवस्था करने पर सहमति जताई है। इसके साथ ही परिवार को पेंशन देने की बात भी कही गई है।

27 अक्टूबर की शाम ग्राम निनवा निवासी संतोष कुमार यादव कंपनी में काम कर रहे थे। इसी दौरान उनके ऊपर पाइप गिरने से सिर में गंभीर चोट लग गई। घायल अवस्था में उन्हें उपचार के लिए रायपुर के ओम हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां 28 अक्टूबर की सुबह उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मजदूर की असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त करते हुए कंपनी प्रबंधन एच आर बलवंत सिह ने कहा कि आर्थिक सहायता के माध्यम से परिवार की मदद की जा सकती है, लेकिन मृतक को वापस नहीं लाया जा सकता।



मृतक परिवार के पक्ष में जनप्रतिनिधियों ने रखी मांग

मजदूर की मौत की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा नेत्री शैल महेंद्र साहू, निनवा सरपंच गोविंद सारंग, नकटी सरपंच योगेंद्र बघेल, जनपद सदस्य सोनू वर्मा और जनपद सदस्य दयाशंकर निषाद रामा मेटालिक लिमिटेड पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने कंपनी प्रबंधन के समक्ष मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा देने की मांग रखी। परिवार के हितों को लेकर हुई चर्चा के बाद कंपनी प्रबंधन ने 29 लाख रुपये के मुआवजे, परिवार के एक सदस्य को योग्यता के अनुसार नौकरी, पेंशन तथा बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करने पर सहमति दी। प्रबंधन की ओर से वैस प्रेसिडेंट एच आर बलवंत सिंह ने मृतक के परिजनों जन प्रतिनिधियों के सामने उनकी पत्नी संतोषी यादव के नाम 28 लाख रुपये का चेक के साथ कफन दफन के लिए एक लाख नकद प्रदान किया गया।

लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत के तहत कांग्रेस नेताओं ने नगर के पदमा रिसॉर्ट में चुनाव आयोग के द्वारा की जा रही धांधली, एसआई आर फार्म भरने के नाम पर मतदाताओं के नाम काटे जाने कांग्रेस के विरोध और 1 नवंबर को दिल्ली में होने जा रही महारेली में शामिल होने कांग्रेसजनों का आह्वान किया।

भाटापारा के पदमा रिसॉर्ट में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक शरद अहेर एवं जिले के प्रभारी तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने विशेष रूप से संबोधित किया। इस दौरान अहरे ने कहा कि वोटो की सुरक्षा लोकतंत्र की मजबूती और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर कांग्रेस के हमारे नेता राहुल गांधी,राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कांग्रेस के सीनियर लीडर लगातार सवाल उठा रहे है और अनेक सबूत पेश कर रहे है उसके बावजूद इसके चुनाव आयोग किसी भी बात पर संज्ञान नहीं ले रहा है इसलिए कांग्रेस ने वोट बचाओ देश बचाओ अभियान का आगाज शुरू किया है जो पूरे देश में चल रहा है।राष्ट्रीय पर्यवेक्षक शरद अहेर ने कांग्रेसजनों को एस आई आर के माध्यम से वोटो की हो रही चोरी की बारीकियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस वोट चोरी का काम नरेंद्र मोदी, अमित शाह मोहन भागवत और ज्ञानेश कुमार मिलकर कर रहे है। इस कार्यक्रम के प्रभारी मोहम्मद अकबर ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर सवाल दागते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि भारत सरकार निर्वाचन आयोग हो गया है सवाल चुनाव आयोग से पूछा जाता है तो जवाब भाजपा के लोग और उनके प्रवक्ता देने के लिए आ जाते हैं।

लोकतंत्र को मजबूत रखने के लिए मताधिकार की सुरक्षा बेहद जरूरी

उन्होंने कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया और कहा कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा जिस प्रकार से चुनाव आयोग का इस्तमाल कर रही है वो देश की लोकशाही व्यवस्था के विरुद्ध है साव ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए मताधिकार की सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता जरूरी होनी चाहिए लेकिन भाजपा इन प्रक्रिया से गुजरने में परहेज कर इसको अपने कब्जे में कर इसका दुरुपयोग कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, प्रदेश प्रतिनिधि सतीश अग्रवाल, सुनील माहेश्वरी, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा, पूर्व निगम सदस्य रोशन हबलानी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने तथा आभार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा शहर अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमर मंडावी रिंकू भाटिया, आलोक मिश्रा राजकुमार, डॉ. बसंत भृगु, जितेंद्र नवरत्न, सुनील साहू, गौरी भृगु, विमलेश्वरी ध्रुव, अजीत बाजपेयी, कुबेर यदु, अजय ठाकुर, चंद्रशेखर चक्रधारी, नरेंद्र यदु, वैभव केशरवानी, नितिन शुक्ला, गैंदराम साहू, चंद्रकांत खूंटे, ठाकुरराम साहू, आबिद खान, नरेंद्र यादव सुंदर साहू, मनहरण वर्मा, भुनेश्वर शर्मा, पुनीत मानिकपुरी, ओमप्रकाश यदु, कोमल साहू, शेषनारायण यदु, जीतू ठाकुर, टेकसिंह ध्रुव, दिनेश तिवारी, अशोक तिवारी, संतोष अग्रवाल, नवीन बक्स, मनमोहन कुर्रे, राजा तिवारी, विवेक यदु, मोहन निषाद, चंद्रकांत साहू, कृष्णा टंडन, प्रमिला साहू, हिरमत साहू, दानी भाट, पूर्णिमा श्रीवास, संजय मानिकपुरी, कीरत वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सुदूर जनजातीय अंचलों तक पहुंची स्वास्थ्य की संजीवनी

पीएम-जनमन एमएमयू के माध्यम से 1.25 लाख से हितग्राही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

सुदूर जनजातीय समुदायों तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाते हुए, छत्तीसगढ़ में पीएम-जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट कार्यक्रम ने 18 जिलों में संचालित 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के माध्यम से 1,25,051 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के लाभार्थियों तक अपनी पहुँच बनाई है। 31 दिसंबर 2025 को अपनी शुरुआत के बाद से, इस कार्यक्रम के तहत 15,209 चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए हैं, 2,45,095 रोगियों के पंजीकरण और 3,32,526 परामर्श दर्ज किए गए हैं, तथा 2,94,560 नैदानिक जाँचें (डायग्नोस्टिक इन्वेस्टिगेशन) की गई हैं। इस कार्यक्रम के तहत 1,28,596 फॉलो-अप रोगी रिकॉर्ड और अस्पताल रिफरल के 3,671 मामले भी दर्ज किए गए हैं। ये मोबाइल इकाइयाँ गाँवों और सुदूर टोलों तक सीधे स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाती हैं, जिससे चिकित्सा परामर्श, प्रयोगशाला जाँच, स्क्रीनिंग, दवाइयाँ और रिफरल सहायता मिलती है। प्रत्येक इकाई में एक डॉक्टर, नर्स, लैब टेक्नीशियन और ड्राइवर तैनात हैं, जिससे समुदायों को घर के पास ही आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं। कार्यक्रम के तहत गैर-संचारी रोगों के लिए 2,54,912 पॉइंट-ऑफ-केयर टेस्ट और 2,17,889 रक्त जाँचें भी शामिल हैं, जिससे बीमारियों की समय पर पहचान और त्वरित चिकित्सीय उपचार में मदद मिल रही है। धनुष हेल्थकेयर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालन सहयोग से लागू की गई यह पहल, कमजोर जनजातीय आबादी तक पहुँचने और भौगोलिक रूप से कठिन क्षेत्रों में आवश्यक चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता में सुधार लाने में मोबाइल स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को दर्शाती है। निरंतर प्रयासों के माध्यम से, इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को मजबूत करना है और यह सुनिश्चित करना है कि सुदूर व वंचित पीवीटीजी समुदायों को आवश्यक चिकित्सा देखभाल, जाँच सेवाएँ और फॉलो-अप देखभाल मिलती रहे।



वोट बचाओ, देश बचाओ को लेकर किरवई में जनचौपाल

सिमगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची में पारदर्शिता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान अधिकार को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत किरवई में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत जनचौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों से चर्चा की गई। कार्यक्रम में दिल्ली के पर्यवेक्षक शरद अहेर, पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर, विधायक इंद्र साव, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने किया। शरद अध्यक्ष एआईआईसी ने कहा कि जब आई आर की प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए। किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं कटना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक के वोट की रक्षा जरूरी है। पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार को चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची में पारदर्शिता रहे और किसी भी नागरिक के साथ अन्याय न व विधायक इंद्र साव ने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर और आम नागरिक के मतदान अधिकार की रक्षा करना जरूरी है। एस आई आर के दौरान किसी भी पात्र मतदाता को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

पेज 9 के शेष

अपहरण एवं दुष्कर्म...

मजबूती प्रदान की गई। अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा 27 अक्टूबर 2026 को पारित निर्णय में पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को आधार बनाते हुए आरोपी को धारा 137(2) बीएन एस 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं 100 अर्थदंड।, धारा 87 बीएन एस 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं 500 अर्थदंड। धारा 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 500 अर्थदंड।आरोपी पर अधिरोपित समस्त सजाएं साथ-साथ भुगताई जाएंगी।

खबर संक्षेप



118 लोगों की नेत्र जांच 9 को चश्मे वितरित

बलौदाबाजार। मोबाइल, टैबलेट और कंप्यूटर के बढ़ते उपयोग के बीच आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से श्री फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा एएसजी हॉस्पिटल, रायपुर के सहयोग से ग्राम सेम्हराडीह स्थित शासकीय विद्यालय में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाली स्व-सहायता समूह की महिलाओं सहित कुल 118 लोगों की आधुनिक उपकरणों से नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान जरूरतमंद 9 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, वहीं 4 लोगों में मोतियाबिंद की पहचान हुई। इन सभी को आगे के उपचार के लिए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नेत्र संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सेम्हराडीह की सरपंच प्रमिला वर्मा, उपसरपंच देवनाथ साहू सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उन्होंने श्री फाउंडेशन ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों, विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए उपयोगी हैं। समय पर नेत्र जांच होने से आंखों से संबंधित समस्याओं की पहचान कर आवश्यक उपचार कराया जा सकता है। शिविर के सफल आयोजन में श्री फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से अशोक कुमार वर्मा, वीरेन्द्र कुमार बघेल एवं दीपक वर्मा ने सक्रिय योगदान दिया। वहीं, एएसजी हॉस्पिटल, रायपुर के चिकित्सकों एवं नेत्र सहायकों ने जांच और परामर्श के माध्यम से अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



भाटापारा। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार-भाटापारा के मार्गदर्शन में गुरुकुल स्कूल, भाटापारा में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विशेष विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश जायसवाल उपस्थित रहे। शिविर में उप निरीक्षक रितेश राय, अधिवक्ता न्याजी खान, अधिवक्ता अंजू साहू तथा समाजसेवी जयश्री शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत बाल अधिकारों, बाल विवाह की रोकथाम, बाल शोषण एवं लैंगिक अपराधों से बचाव, साइबर सुरक्षा तथा हिंसा और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा, दुर्व्यवहार या शोषण की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें।

दैनिक ट्रेनों की लेट-लतीफी से बेपटरी हुई जिंदगी, डीआरएम और जीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

मंडल रेल प्रबंधक, जोन महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के समक्ष में दैनिक यात्री ट्रेनों में सफ़र करने वाले यात्री की समस्याओ की पहल की है जो की बिलासपुर-भाटापारा रायपुर दुर्ग रेल खंड पर लोकल, मेमू व एक्सप्रेस ट्रेनों के 2 से 3 घंटे के अप्रत्याशित विलंब, अनियमित ठहराव तथा औद्योगिक श्रमिकों, दूध विक्रेताओं व नौकरीपेशा वर्ग की समस्याओं के अविलंब निराकरण की मांग की। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले बिलासपुर, भाटापारा, तिल्दा-नेवरा, रायपुर, भिलाई, दुर्ग के समस्त दैनिक रेल यात्री, कारखाना श्रमिक, दूध विक्रेता, छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिक इस पत्र के माध्यम से यात्री ट्रेनों की अत्यंत दयनीय व अनियंत्रित व्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहते हैं।

जनहित ज्ञापन व मांगपत्र सौपने वाले में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेशपदाधिकारी में प्रदेशमहामंत्री शिव कुमार यादव भाटापारा, प्रदेशसयुक्तसचिव मनोज यादव बिलासपुर, महानगरअध्यक्ष ओमकार यादव बिलासपुर, नगर ईकाई अध्यक्ष सुरेश यादव भाटापारा, तरेंगाराज सचिव पुरुषोत्तम यादव तरेंगा, केजाराम यादव तरेंगा, विजय यादव तरेंगा आदि मौजूद रहे।

ट्रेनों की घंटों देरी से आम जनजीवन प्रभावित, मजदूरों की नौकरी पर संकट



ट्रेनें, श्रमिकों और छोटे कारोबारियों की बढ़ी परेशानी

इस पूरे रेल मार्ग पर चलने वाली लोकल , पैसेंजर, एक्सप्रेस तथा सुपरफास्ट ट्रेनों को आए दिन बिना पूर्व सूचना आउटर व लूप लाइनों पर 2 से 3 घंटे तक खड़ा रखा जाता है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह ठप हो चुका है। औद्योगिक कारखानों व संयंत्रों के श्रमिक: बिलासपुर, भाटापारा, तिल्दा, रायपुर एवं दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में अनेक सीमेंट संयंत्र, स्टील प्लांट्स, रोलिंग मिल्स, राइस मिल्स एवं भारी उद्योग संचालित हैं। इन कारखानों में शिफ्ट ड्यूटी करने वाले हजारों मजदूर व तकनीशियन ट्रेनों की 2-3 घंटे की देरी से समय पर कार्यस्थल नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसके कारण उनका वेतन कट रहा है तथा नौकरी छूटने का खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीण व उपनगरीय अंचलों से सैकड़ों दूध विक्रेता तथा सब्जी उत्पादक सुबह की लोकल ट्रेनों द्वारा शहरों में आपूर्ति करने जाते हैं। ट्रेनों के आउटर पर घंटों खड़े रहने के कारण दूध फट जाता है व सब्जियां खराब हो जाती हैं, जिससे इन छोटे व गरीब कामगारों को प्रतिदिन गंभीर आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है।

बचाव : रात के अंधेरे में सुरक्षा कवच बनेगी रेडियम बेल्ट

दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़कों पर बैठे गौवंशों को पहनाए गए रेडियम बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आम नागरिकों के साथ बेजुबान पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन, जिला बलौदाबाजार एवं पशु चिकित्सा विभाग कसडोल द्वारा संयुक्त रूप से सराहनीय पहल की गई।

अभियान के तहत बीती रात्रि सड़कों पर बैठे गौवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाई गई, ताकि रात के अंधेरे में वाहन चालकों को पशु दूर से ही दिखाई दे सकें और संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिले। इस जनहितकारी अभियान के माध्यम से संगठन एवं पशु चिकित्सा विभाग ने गौवंशों की सुरक्षा के साथ-साथ वाहन चालकों को भी सतर्क रहने का संदेश दिया। रात्रि के समय सड़कों पर बैठे गौवंश कम रोशनी और अंधेरे के कारण अक्सर वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते। ऐसे में अचानक सामने आने वाले पशुओं से टक्कर होने की आशंका बनी रहती है। दुर्घटनाओं में जहां पशु घायल हो जाते हैं या उनकी जान चली जाती है, वहीं वाहन चालकों और राहगीरों को भी गंभीर चोट लगने का खतरा रहता है।





सतर्कता बरतने की अपील

अभियान के दौरान आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की गई कि वे विशेषकर रात्रि के समय वाहन चलाते हुए निर्धारित गति सीमा का पालन करें और ग्रामीण क्षेत्रों तथा मुख्य मार्गों पर अतिरिक्त सावधानी बरतें। सड़क पर पशु दिखाई देने पर अचानक तेज गति से वाहन निकालने के बजाय सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर गति कम करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करना, हेडलाइट का सही इस्तेमाल करना और यातायात नियमों का पालन करना भी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक है। इसके साथ ही पशुपालकों से भी अपेक्षा की गई कि वे अपने पशुओं को सड़कों पर खुले में बैठने या घूमने से रोकने के लिए उचित व्यवस्था करें।

सुरक्षा और संवेदनशीलता का संदेश

छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन एवं पशु चिकित्सा विभाग कसडोल की इस संयुक्त पहल को गौ सेवा और जनसुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। अभियान का उद्देश्य समाज में यह संदेश पहुंचाना है कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रशासन, सामाजिक संगठनों, पशुपालकों और आम नागरिकों को मिलकर प्रयास करना होगा। इस सेवा कार्य में प्रदेश युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष राकेश यादव, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष नूतन यादव, जिला उपाध्यक्ष रूपेन्द्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष आयुष कैवर्त्य, जिला उपाध्यक्ष बादल साहू तथा पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. दीपक दीवान शामिल रहे। इनके अलावा सोनू राजपूत, आशु साहू, दयालु, हेमंत, प्रवीण, संजू, राजा जायसवाल सहित अन्य नगरवासी उपस्थित रहे।

रेडियम बेल्ट से रात में दूर से दिखाई देंगे गौवंश

छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि सड़क पर बैठे गौवंशों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के लिए रेडियम बेल्ट पहनाने की पहल की गई है। वाहन की हेडलाइट पड़ने पर रेडियम बेल्ट चमकती है, जिससे अंधेरे में भी पशुओं की पहचान करना आसान हो सकता है। इससे वाहन चालकों को समय रहते सतर्क होने और वाहन की गति नियंत्रित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल इंसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि बेजुबान पशुओं की रक्षा करना भी हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। इस तरह के छोटे लेकिन प्रभावी प्रयासों से दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने और लोगों में पशुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

छोड़कर गए शिवसेना के पदाधिकारियों की घर वापसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ में संगठन विस्तार की कवायद के तहत शिवसेना ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में संगठन को मजबूत करने की पहल की है। प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के निर्देश पर प्रदेश संगठन महामंत्री संतोष यदु ने शिवसेना (यूबीटी) से जुड़े चार पदाधिकारियों की शिवसेना में घर वापसी कराते हुए उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। बलौदाबाजार के गार्डन चौक स्थित शिवसेना कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों को गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान सरोज चंद्रा को संगठन प्रभारी जिलाध्यक्ष, राजू प्रजापति को संगठन प्रभारी जिला महासचिव, एस. कुमार श्रीवास को जिला उपाध्यक्ष तथा अशोक खुटे को बिलाईगढ़ ब्लॉक उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

प्रदेश संगठन महामंत्री संतोष यदु ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य जिला, ब्लॉक और विधानसभा स्तर पर संगठन को मजबूत बनाना तथा आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि जल्द ही सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में संगठन की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिला, ब्लॉक एवं विधानसभा स्तर की कार्यकारिणियों के गठन और आगामी रणनीति पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में शिवसेना के बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष कृष्णा कुमार यादव, जिला महासचिव मुकेश साहू और जिला सचिव अभय राम यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों को दी गई बैंकिंग योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत बगार में बुधवार को वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिवकुमार कंवर अग्रणी जिला प्रबंधक, इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक पवन केरकेट्टा ने ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं वित्तीय जागरूकता के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर में प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना,प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह, ऋण सुविधा, बचत खाता, सावधि जमा, डीफ खाता एवं आवर्ती जमा,बैंकिंग लोकपाल योजना एवं शिकायत निवारण,साइबर फ्रॉड से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई।

ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने, नियमित बचत करने, बैंकिंग सेवाओं का सुरक्षित उपयोग करने तथा किसी भी प्रकार की बैंकिंग जानकारी एवं ऋण संबंधी सलाह के लिए नजदीकी बैंक शाखा या बैंक मित्र से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर में सरपंच उषा बाई ध्रुव, उप सरपंच मोहरू यादव, बी सी, सीएफएल काउंसलर, पंचगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

मिरगी प्रीमियर लीग मैच में मेजबान टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

ग्राम पंचायत मिरगी में आयोजित मिरगी प्रीमियर लीग सीजन का फायनल मुकाबला संपन्न हुआ। जिसमें 12 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मैच में सफल मंच संचालक आदिवासी नेता दौलत कुंजाम के द्वारा किया गया। फाइनल मुकाबला ग्राम पौसरी बनाम ग्राम मिरगी के बीच 8-8 ओवर का खेला गया।

फाइनल में ग्राम पौसरी की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और मेजबान टीम मिरगी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मिरगी ने निर्धारित 8 ओवर में 181 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। मिरगी की ओर से कामेश मरावी ने 111 रनों की तूफानी शतकीय पारी और गोवर्धन ध्रुव ने 51 रनों की शानदार



अर्धशतकीय पारी खेली। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्राम पौसरी की टीम 8 ओवर में 120 रन ही बना सकी। इस प्रकार ग्राम मिरगी ने 61 रनों से फाइनल जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता मिरगी की टीम को प्रथम पुरस्कार 30 हजार रुपए और शील्ड उपविजेता रहे ग्राम पौसरी की टीम को 15 हजार रुपए और शील्ड दिया गया। इसी तरह तृतीय स्थान पर ग्राम ढाबाडीह को सात हजार एवं चतुर्थ स्थान पर ग्राम बोड़तरा को तीन हजार रुपए इनाम दिया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान नीरज परगनिया राकेश दुबे, दौलत कुंजाम, पीलाराम सेन, आनंद वर्मा, लेखराम साहू, तिलेश साहू, कुशल वर्मा, कमलेश ध्रुव, नूतन साहू, गोवर्धन ध्रुव, आशाराम ध्रुव, रामखिलावन ध्रुव, एस.पी. स्पोर्ट्स नीलकंठ ध्रुव सहित युवा क्रिकेट क्लब के सदस्य लवकुश सेन, हरीश, कामेश, तरुण इंद्र, पवन, भावेश,शौर्य ध्रुव, समर, गोपी, नमन, रोहित ध्रुव, सोनू ध्रुव, विनोद, गौरव वर्मा, कमलेश, रूपेश एवं ग्राम प्रमुख श्रवण ध्रुव, राजेंद्र यादव, महेंद्र साहू, भोजराम साहू,सरदार ध्रुव, संतोष साहू, उदेराम सेन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

नवागांव में मानस गान, 11 मंडलियों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

ग्राम नवागांव में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर विगत 60 वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत 24 घंटे का अखंड रामचरित मानस पाठ, अर्धरात्रि मानस गान एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम सेवानिवृत्त उच्च श्रेणी शिक्षक मालिक राम वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन में 11 मानस गान मंडलियों ने सहभागिता निभाई।अर्धरात्रि मानस गान में बालिका मानस मंडली जुड़ा, बालिका मानस मंडली टोपा, शिवशंकर मानस मंडली अमलीडीह, श्रीराम मानस मंडली एवं रामकिंकर मानस मंडली करमदा सहित अन्य मानस मंडलियों ने भगवान श्रीराम के जीवन



प्रसंगों का संगीतमय गायन किया। मानस मंडलियों की भक्तिमय प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण राममय हो गया। ग्राम सरपंच लता भीम वर्मा ने मानस मंडलियों का स्वागत किया। इस धार्मिक आयोजन में सरपंच प्रतिनिधि भीम वर्मा, पूर्व सरपंच होरीलाल वर्मा, शिक्षक धनेश वर्मा, राकेश कुमार वर्मा, नोकराम वर्मा, मनहरण लाल वर्मा, संतोष वर्मा, भूपेश निषाद, कुंभकरण साहू, नर्मदा साहू, दीपक मानिकपुरी, मनोज वर्मा, शुभम वर्मा, सुनील वर्मा, खोमेश्वर साहू, गोदावरी वर्मा, गीता वर्मा, गीता निषाद, धनुष निषाद, सेवानिवृत्त शिक्षक गंगा प्रसाद यदु, कुंभज वर्मा, सूरज वर्मा, अमित वर्मा, रवि वर्मा एवं गगन निषाद सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भोजनालय एवं महाप्रसादी की व्यवस्था में पुन्नी बाई साहू और केजा यादव ने सहयोग दिया।

विद्यालय में ई-कचरा प्रबंधन पर प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरमी में ई-कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भाषण, चित्रकल एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने खराब पड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उचित प्रबंधन, पुनः उपयोग तथा सुरक्षित निपटान का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पी. आर. वर्मा ने विद्यार्थियों को ई-कचरे के दुष्प्रभावों एवं उसके उचित प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खराब हो चुके मोबाइल, कंप्यूटर, चार्जर, बैटरी, टेलीविजन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को



- भाषण, चित्रकला एवं रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

इधर-उधर नहीं फेंकना चाहिए। इन उपकरणों में मौजूद हानिकारक पदार्थ मिट्टी, जल एवं पर्यावरण को प्रदूषित कर सकते हैं, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है प्राचार्य ने विद्यार्थियों को समझाया कि अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सुरक्षित रूप से एकत्रित कर अधिकृत ई-कचरा संग्रह केंद्रों अथवा पुनर्चक्रण केंद्रों तक पहुँचाना चाहिए। मरम्मत योग्य उपकरणों को दोबारा उपयोग में लाकर संसाधनों की बचत की जा सकती है, जबकि अनुपयोगी उपकरणों का वैज्ञानिक तरीके से निपटान करना आवश्यक है।प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के पुनः उपयोग और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा समाज में ई-कचरे के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

इस जागरूकता कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक अजय निर्मलकर, पंकज, नीरज, ललित, राजकपूर, हरिश, श्यामसुंदर, मनिता, अंजली, विजयलक्ष्मी, पूर्णिमा एवं टिकेश्वरी का विशेष योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों से अपील की कि ई-कचरे को सामान्य कचरे की तरह कहीं भी न फेंकें, बल्कि उसका उचित प्रबंधन करें और पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ।



खबर संक्षेप

किसानों का 6,066 करोड़ रुपये बकाया जारी करे सरकार : दुबे

भटगांव। बिलाईगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेसी प्रवेश दुबे ने भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त सहित बकाया धान अंतर राशि का भुगतान तत्काल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि



किसानों का 6,066 करोड़ रुपये बकाया होना गंभीर मुद्दा है। सरकार को दीपावली से पहले राशि जारी कर किसानों को आर्थिक राहत देनी चाहिए। पिछले वर्ष टोकन प्राप्त करने में परेशानी हुई थी, इस बार टोकन, बारदाने, तौल और परिवहन सहित सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं ताकि किसानों को भटकना न पड़े। उन्होंने मांग की कि 01 नवंबर से 3,358 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी शुरू की जाए और कहा कि भाजपा विपक्ष में रहते हुए 01 नवंबर से खरीदी की मांग करती थी, अब सरकार को अपना वादा निभाना चाहिए। किसानों को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि बकाया राशि का समय पर भुगतान और सुचारू खरीदी की व्यवस्था चाहिए।

जिले के स्कूलों में आज अवकाश घोषित

महासमुंद। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे चक्रवाती तूफान एवं भारी बारिश की संभावना को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर विनय लंगेह ने 29 अक्टूबर 2026 गुरुवार को महासमुंद जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में एक दिवस का अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 29 अक्टूबर को अवकाश रहेगा।

जनदर्शन में संवेदनशील पहल, बुजुर्ग चोवा राम को मिला श्रवण यंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जनदर्शन केवल आवेदन देने का माध्यम नहीं, बल्कि आम नागरिकों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका त्वरित समाधान करने का एक सशक्त मंच है। इसका भावनात्मक उदाहरण ग्राम डोंगरा निवासी बुजुर्ग चोवा राम के मामले में देखने को मिला, जिन्हें लंबे समय से कानों से सुनाई नहीं देने की समस्या से राहत पाने की उम्मीद उस समय मिली, जब कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए महज पांच मिनट के भीतर समाज कल्याण विभाग के माध्यम से उन्हें श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया। बुजुर्ग श्री चोवा राम अपनी सुनने की समस्या को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री शर्मा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अपनी परेशानी बताई। कलेक्टर ने उनकी समस्या को संवेदनशीलता से समझा और तत्काल समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके परिणामस्वरूप कुछ ही मिनटों में उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान कर दिया गया।

जनदर्शन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं और सुविधाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे।

आवेदन पर त्वरित कार्रवाई, पांच मिनट में दूर हुई बुजुर्ग की परेशानी



भावुक हुए बुजुर्ग, चेहरे पर लौटी मुस्कान

लंबे समय से आवाजों से दूर रहे चोवा राम के लिए यह पल बेहद भावुक करने वाला था। श्रवण यंत्र मिलने से उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। वर्षों से ठीक से सुन नहीं पाने की परेशानी के बीच अब फिर से आवाजें सुनने की उम्मीद जगी है। राहत और खुशी से अभिभूत चोवा राम ने कहा की रसों से कानों से सुनाई नहीं दे रहा था। अब श्रवण यंत्र मिलने से फिर से आवाज सुनने की उम्मीद जगी है। मेरी समस्या का इतनी जल्दी समाधान हुआ, इससे मन बहुत प्रसन्न है। दिव्यांगजनों और जरूरतमंद नागरिकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

विरोध : चार सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

बारिश के बीच पटवारियों की आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अर्णव चक्रवात के प्रभाव से हो रही मूसलाधार बारिश के बीच भी राजस्व पटवारियों का आंदोलन जारी रहा। अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर 12 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे राजस्व पटवारी संघ की जिला शाखा बलौदाबाजार-भाटापारा के बैनर तले पटवारियों ने काले कपड़े पहनकर विशाल आक्रोश रैली निकाली। रैली के माध्यम से शासन का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित करते हुए कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रांतीय आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में पटवारियों ने काली पट्टी और काले वस्त्र धारण कर अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित की। खराब मौसम के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने रैली में भाग लिया और मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। संघ के संभागीय अध्यक्ष भावेश वर्मा एवं जिलाध्यक्ष रसपाल सेन ने बताया कि पटवारी चार प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। पहली मांग पीवी (फिजिकल वेरिफिकेशन) ऐप के माध्यम से धान सत्यापन की प्रक्रिया को लेकर है। संघ का कहना है कि प्रत्येक खेत में जाकर चार-चार फोटो खींचकर सत्यापन करना व्यावहारिक रूप से कठिन है, इसलिए इस व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। दूसरी मांग पदोन्नति प्रक्रिया में सुधार की है। संघ चाहता है कि पटवारियों को 50 प्रतिशत वरिष्ठता और 50 प्रतिशत विभागीय परीक्षा के आधार पर पारदर्शी पदोन्नति दी जाए। तीसरी मांग वर्ष 2017-18 में ग्रेड पे संशोधन के बाद से लंबित वेतन विसंगतियों को दूर करने की है। चौथी मांग पीवी ऐप के विरोध के कारण पटवारियों के विरुद्ध की गई दंडात्मक कार्रवाई को वापस लेने की है। संघ ने संबंधित स्थानांतरण एवं निलंबन आदेशों को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

- निलंबन और तबादले रद्द करने की उठाई मांग

पीवी एप के विरोध में पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी





राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित, आमजन परेशान

पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से जिले में राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने की बात सामने आई है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों के सत्यापन, फौती नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा जैसे कार्यों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल लंबी खिंचने से इन सेवाओं के लिए राजस्व कार्यालयों पर निर्भर आम नागरिकों की दिक्कतें बढ़ने की आशंका है। पटवारियों की मांगों और आमजन को हो रही असुविधा के बीच अब शासन के अगले कदम पर निगाहें टिकी हैं।

मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने की चेतावनी

संभागीय अध्यक्ष भावेश वर्मा और जिलाध्यक्ष रसपाल सेन ने कहा कि जब तक शासन उनकी मांगों पर संवेदनशीलता से विचार कर ठोस निर्णय नहीं लेता, तब तक प्रांतीय आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने मांगों के निराकरण की दिशा में शीघ्र पहल करने की अपील की।

सेवा सेतु पोर्टल पर अब 900 से अधिक सेवाएं



बलौदाबाजार। डिजिटल गवर्नेंस और नागरिकों को घर बैठे आसानी से शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'सेवा सेतु पोर्टल' में अब 900 से अधिक सेवाओं को जोड़ दिया गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के दिशा-निर्देशों के क्रम में बुधवार को विकासखंड पलारी में स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़ी नई सेवाओं के सफल संचालन हेतु प्राचार्यों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पलारी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय विद्यालयों के कुल 45 प्राचार्यों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और पोर्टल की नई कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान विशेष रूप से उन स्कूली सेवाओं पर जोर दिया गया जिन्हें हाल ही में पोर्टल से जोड़ा गया है। इनमें मुख्य रूप से अस्वच्छ धंधों में लगे परिवार के बच्चों को विशेष छात्रवृत्ति एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र शामिल है। इस पोर्टल से छात्रों और अभिभावकों के लिए स्कूल बदलने या टीसी प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल और सरल बनाया गया है। इस प्रशिक्षण से प्राचार्यों को पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के आवेदनों का त्वरित और सुगम निराकरण करने में मदद मिलेगी। प्रशासन का यह प्रयास शिक्षा विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और सेवाओं को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

बैकुंठ स्कूल के 600 विद्यार्थियों को बताए गए बाल अधिकार और पॉक्सो कानून

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा



उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश भी डाला

- साइबर अपराध से बचाव के भी बताए तरीके डिजिटल दौर में बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को साइबर अपराध, साइबर बुलिंग और इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें अनजान लोगों के साथ व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड और निजी तस्वीरें साझा नहीं करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में जरूरत के समय सहायता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इनमें निःशुल्क विधिक सहायता के लिए 15100, आपातकालीन पुलिस सहायता के लिए 112, बाल सहायता के लिए 1098 तथा साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत के लिए 1930 शामिल हैं।

1बैकुंठ बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और बाल अपराधों से सुरक्षा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर की पहल पर बैकुंठ स्थित द आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल में विशेष विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के अखिल भारतीय 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 600 विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, पॉक्सो एक्ट, बाल शोषण, बाल विवाह और साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें किसी भी प्रकार के शोषण या अनुचित व्यवहार के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस मौके पर माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण, तिल्दा-नेवरा भावेश कुमार वट्टी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को कानून की उपयोगिता और बच्चों के संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और संरक्षण को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि विधिक जागरूकता बाल अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यार्थियों को किसी भी अनुचित घटना की जानकारी अपने अभिभावकों, शिक्षकों या जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर की अधिकार मित्र नव्या साहू ने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 यानी पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान, बाल शोषण से बचाव और असहज परिस्थितियों में मदद मांगने के महत्व को सरल तरीके से समझाया।

विज्ञान माडल में समीर ने जीता स्वर्ण पदक



पलारी। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी के मैय्या समीर कुमार वर्मा पिता पुनीत राम वर्मा पलारी ने विद्या भारती द्वारा आयोजित क्षेत्र स्तरीय विज्ञान मेला प्रतियोगिता में जिनमें छत्तीसगढ़, मालवा, महाकौशल प्रांत व मध्य प्रांत के प्रतिभागी शामिल हुए उसमें हायर सेकेण्डरी स्तर के विज्ञान माडल में सेंसर आधारित माडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, रायपुर विभाग, छत्तीसगढ़ प्रांत का गौरव बढ़ाया है। उनके इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य एवं आचार्यों ने उनका अभिनंदन किया एवं मोमेंटो प्रदान किया। विद्यालय समिति के पदाधिकारियों ने भी शुभकामनाएं प्रदान की। अब समीर अगले माह नवंबर में गोरखपुर उत्तरप्रदेश में होने वाले अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



